# बिहार विधान परिषद

**(200वां बजट सत्र)**

## 26 मार्च, 2022

----

**[शिक्षा - खान एवं भूतत्व - कला, संस्कृति एवं युवा विज्ञान एवं प्रावैधिकी ].**

**कुल प्रश्न 37**

----

### प्रोन्नति का विचार

***309 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक)ः**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि विभागीय पत्रांक- 1164, दिनांक- 25.09.2014 द्वारा चतुर्थ चरण के राज्य के अंगीभूत महाविद्यालयों में अनुशंसित पदों के विरुद्ध सामंजित शिक्षकों की नियुक्ति की वैध तिथि 01.02.1988 निर्धारित की गई थी जिसे माननीय उच्च न्यायालय पटना द्वारा सी.डब्ल्यू.जे.सी. 21232/2014, दिनांक- 25.06.2015 को आदेश पारित कर उक्त विभागीय पत्रांक को निरस्त करते हुए निर्गत की तिथि से वापस किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त न्यायादेश के आलोक में उक्त शिक्षकों का वेतन सत्यापन कर दिया गया किन्तु माननीय उच्च न्यायालय में जो आवेदक नहीं थे, उक्त शिक्षकों का वेतन सत्यापन नहीं किया गया, जो वर्षों से लंबित है;

(ग) क्या यह सही है कि मुख्य रूप से चतुर्थ चरण के शेष बचे हुए आर-1 कैटेगरी के शिक्षकों का सत्यापन तथा प्रोन्नति वर्ष 2018 से लंबित है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के अंगीभूत महाविद्यालयों में आर-1 कैटेगरी के शेष बचे हुए शिक्षकों का वेतन सत्यापन और वर्ष 2018 से लंबित प्रोन्नति प्रदान करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## नियुक्ति का विचार

***310 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पटना वीमेंस ट्रेनिंग कॉलेज में विगत पांच वर्षों से लाइब्रेरियन का पद रिक्त है;

(ख) क्या यह सही है कि लाइब्रेरियन के नहीं रहने के कारण रखी गयीं 8077 किताबों को छात्राएं चाहकर भी नहीं पढ़ रही हैं;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त कॉलेज के प्राचार्य ने विश्वविद्यालय को लेटर लिखकर कई बार लाइब्रेरियन की मांग की है जिसपर आजतक कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है जिसके चलते कॉलेज की छात्राओं को लम्बे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्राओं की परेशानी को देखते हुए ट्रेनिंग कॉलेज में लाइब्रेरियन के रिक्त पद पर नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## नियमितीकरण का प्रावधान

***311 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **विज्ञान एवं प्रावैधिकी** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सूबे के लगभग सात तकनीकी संस्थानों में अभियंत्रण शिक्षण की गुणवत्ता कायम करने में देश के शीर्ष तकनीकी संस्थानों से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन एवं उनकी नियुकति सहायक प्राध्यापक के रूप में की गई है जिसकी अनुबंधता तिथि 31 मार्च 2022 लगभग समाप्त होने को है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त कोटि की नियुकति भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत TEQIP कार्यक्रम के तहत की गयी है जिसका संपूर्ण भार इन्हीं सहायक प्राध्यापकों पर है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्रहित एवं संस्थाहित में इन सक्षम सहायक प्राध्यापकों के नियमितीकरण का प्रावधान करना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## रिक्त पदों को भरने का विचार

*312 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि नवाब उच्च माध्यमिक विद्यालय, शिवहर में माध्यमिक कक्षाओं हेतु शिक्षकों का कुल चौबीस (24) पद सृजित हैं जिनमें कुल आठ शिक्षक कार्यरत हैं तथा हिन्दी, अंग्रेजी और गणित विषय के शिक्षक कार्यरत नहीं हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय में उच्च माध्यमिक कक्षाओं हेतु शिक्षकों के कुल सतरह (17) पद सृजित हैं जिनमें कुल पांच (5) कार्यरत हैं जिसके कारण माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक कक्षाओं की पढ़ाई बाधित रहती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों के रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सुनिश्चित कब तक

*313 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि शिक्षा का सीधा संबंध अर्थव्यवस्था के विकास से है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में कंप्यूटर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह कई तरह से हमारी मदद करता है। कंप्यूटर छात्रों की शिक्षा के क्षेत्र में एक सर्वांगीण भूमिका निभाता है;

(ख) क्या यह सही है कम्प्यूटर स्कूली पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है क्योंकि यह आज प्रत्येक व्यक्ति का एक अनिवार्य हिस्सा है। स्कूलों में कम्प्यूटर शिक्षा छोटे बच्चों के करियर के विकास में एक प्रमुख उल्लेखनीय भूमिका निभाती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बताएगी की बिहार के सरकारी विद्यालयों में कितने कम्प्यूटर हैं एवं विद्यालयों में कितने कम्प्यूटर शिक्षक हैं, और कम्प्यूटर शिक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सरकार क्या प्रयास कर रही है?

----

## कार्रवाई का विचार

***314 डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि श्रीमती सुजन्ति कुमारी, प्रभारी प्रधानाध्यापिका, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पलटपुरा, बिहारशरीफ, जिला – नालंदा ने दिनांक – 31.12.2021 को अवकाशप्राप्त किया है, उन्हें पूर्व की प्रोन्नति से संबंधित बकाये राशि के भुगतान हेतु मा० उच्च न्यायालय, पटना के C.W.J.C. No – 15292/2007 एवं सिविल याचिका सं० 2531/2017 में भुगतान हेतु आदेश भी पारित हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि मा० उच्च न्यायालय, पटना द्वारा पारित आदेश के आलोक में श्रीमती सुजन्ति कुमारी द्वारा प्रोन्नति से संबंधित बकाये वेतन भुगतान हेतु अनेकों बार लिखित रूप से गुहार जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालंदा से लगायी लेकिन उनका भुगतान अबतक नहीं हुआ है;

(ग) क्या यह सही है कि इसी तरह के मामले में माननीय उच्च न्यायालय, पटना के C.W.J.C. No – 12320/07 में पारित आदेश के अलाोक में श्री यदुनन्दन ठाकुर, शिक्षक एवं C.W.J.C. No – 13947/07 में पारित आदेश के आलोक में श्री भागवत प्रसाद, शिक्षक का प्रोन्नति से संबंधित बकाये वेतन का भुगतान जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालंदा द्वारा कर दिया गया है जबकि श्रीमती सुजन्ति कुमारी को इस लाभ से अबतक वंचित रखा गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्रीमती सुजन्ति कुमारी, प्रधानाध्यापिका (अ०प्र०), उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पलटपुरा, बिहारशरीफ, जिला – नालंदा का प्रोन्नति से संबंधित बकाये वेतन का भुगतान यथाशीघ्र कराते हुए दोषी जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालंदा पर अनुशासनिक एवं प्रशासनिक कार्रवाई करना चाहती है;

----

## व्यय मद में वृद्धि कबतक

***315 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राजकीय/ राजकीयकृत/ परियोजना/ अल्पसंख्यक विद्यालयों को कार्यालय व्यय मद में एकमुश्त मात्र 5000 रुपये आवंटित किया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि बढ़ती हुई महंगाई में चौक, डस्टर, झाडू, विपत्रों को ऑनलाइन कराने में काफी राशि प्रधानाध्यापकों को व्यय करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों को कार्यालय व्यय मद में वृद्धि कर उसे 5000 रुपए करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सेंटर निर्माण कार्य पर विचार

*316 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बिहार स्टेट एजुकेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के ए०एन० कॉलेज में ई-लाइब्रेरी कम इ-लर्निंग सेंटर का निर्माण कराया जाएगा;

(ख) क्या यह सही है कि इस सेंटर में कॉलेज के अलावा बाहरी छात्र देर रात्रि तक पढ़ाई और अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे;

(ग) क्या यह सही है कि ए०एन० कॉलेज छात्र के लिए सुविधाएं पूरी तरह से निःशुल्क होंगी;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यह बतलाएगी कि सेंटर निर्माण कार्य कराने पर विचार किया जा रहा है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मानदेय का भुगतान कबतक

*317 **डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सिवान जिलान्तर्गत जय प्रकाश विश्वविद्यालय में अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं;

(ख) क्या यह सही है कि खंड (क) में वर्णित अतिथि शिक्षकों का मानदेय लगभग 8

महीने से भुगतान नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (क) में वर्णित अतिथि शिक्षकों के मानदेय का यथाशीघ्र भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## विद्यालय का निर्माण

***318** **श्री सी.पी; सिन्हा उर्फ चन्देश्वर प्रसाद सिन्हा (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत सन्हौला प्रखण्ड का आदिवासी गांव जाफरा अभी तक शिक्षा से वंचित है;

(ख) क्या यह सही है कि अभी तक उक्त गांव में किसी भी प्रकार के विद्यालय की स्थापना नहीं की गई है;

(ग) क्या यह सही है कि शिक्षा के अभाव में उक्त गांव का समुचित विकास नहीं हो पाया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यथाशीघ्र उक्त गांव में विद्यालय निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## प्रोन्नति का विचार

***319** **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य की पंचायतीराज संस्थाओं में कार्यरत शिक्षकों के लिए शिक्षक नियमावली, 2020 में 6 वर्ष की सेवा पर +2 शिक्षकों एवं 10 वर्ष की सेवा पर माध्यमिक शिक्षकों की प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति का प्रावधान किया गया है, लेकिन प्रधानाध्यापक बनने के बाद बचे शिक्षकों के लिए 10 वर्ष, 20 वर्ष तथा 30 वर्ष के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पंचायतीराज शिक्षकों के लिए भी 10 वर्ष, 20 वर्ष तथा 30 वर्ष सेवा के उपरान्त प्रोन्नति का

विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## समाधान कबतक

***320 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **विज्ञान एवं प्रावैधिकी** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त पॉलिटेक्निक संस्थानों के व्याख्याताओं की प्रोन्नति कई वर्षों से लंबित रहने से इनके नैसर्गिक अधिकार का हनन हो रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त उच्च योग्यताधारी व्याख्याताओं के M.Tech. होने के बावजूद भी देय ग्रेड-पे रुपया 6000/- का लाभ आदिनांक प्रावधानित नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपांकित प्रश्नों का समाधान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## प्रक्रियाओं से मुक्ति कबतक

***321 डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि प्रारंभिक विद्यालयों के शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों को प्रधानमंत्री पोषण योजना में सिर्फ अनुश्रवण करना है;

(ख) क्या यह सही है कि माननीय पटना उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के आलोक में निदेशक प्राथमिक शिक्षा बिहार के ज्ञापांक- 587, दिनांक- 19.04.2006 द्वारा निर्गत आदेश में मध्याह्न भोजन योजना से शिक्षकों को दूर रखना है ताकि पठन-पाठन के कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े;

(ग) क्या यह सही है कि माननीय पटना उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक- 21.11.2016 को CWJC No- 11210/2015 में पारित आदेश द्वारा प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षकों को मध्याह्न भोजन योजना में भोजन बनाने की प्रक्रिया से अलग रहने का आदेश दिया गया है

एवं शिक्षा का अधिकार कानून 2009 एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षकों को किसी भी तरह के गैर शैक्षणिक कार्यों से अलग रखना है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्रधानाध्यापकों को आपूर्तिकर्ता/ विक्रेता का चयन करने सहित प्रधानमंत्री पोषण योजना की सभी प्रक्रियाओं से कबतक मुक्त करेगी?

----

## कला साधकों का संरक्षण

*322 **श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या **कला, संस्कृति एवं युवा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बिहार के कलाकार और कला संस्कृति राष्ट्रीय स्तर पर अमिट पहचान के लिए प्रसिद्ध है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार के प्रतिभावान कला-साधकों को विभाग द्वारा सम्मान देने की कई योजनाएं कार्यरत हैं;

(ग) क्या यह सही है कि बिहार के मेधावी कलाकारों की कला साधना और उनकी आजीविका के लिए विभाग द्वारा कई योजनाएं संचालित हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रदेश के प्रतिभावान कला साधकों के उज्ज्वल भविष्य के लिए चिंतित है, यदि हां तो किस प्रकार से?

----

## प्रोत्साहन राशि पर विचार

*323 **श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि छात्राओं को उच्च शिक्षा में बढ़ावा देने के लिए इंटरमीडिएट एवं स्नातक कन्या प्रोत्साहन योजना 2018 में प्रारंभ की गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि 01 अप्रैल 2021 के बाद स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं के लिए

योजना की राशि 50,000 रुपए कर दी गई है;

(ग) क्या यह सही है कि विभिन्न विश्वविद्यालयों में तीन सत्रों 2015-18, 2016-19 एवं 2017-20 तक कुल 2.27 लाख छात्राओं के आवेदन एवं सर्टिफिकेट का विश्वविद्यालय द्वारा वेरिफिकेशन अबतक नहीं किया गया है, जिससे छात्राएं प्रोत्साहन योजना के लाभ से वंचित है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वंचित छात्राओं को प्रोत्साहन राशि देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पठन-पाठन कब से

*324 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि अरवल जिलान्तर्गत प्रखंड- वंशी, पंचायत- चमंडी के ग्राम- पोंदिल में 10+2 विद्यालय संचालन के लिए 5 वर्ष पूर्व भवन का निर्माण कराया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त भवन बन जाने के बाद भी छात्रों के लिए पठन-पाठन का कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में छात्रों के लिए पठन-पाठन का कार्य आरंभ करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## स्टेडियम का नवर्निर्माण

*325 **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या **कला, संस्कृति एवं युवा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला मुख्यालय में एक मात्र खेल स्टेडियम है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्णित स्टेडियम ध्वस्त हो चुका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्टेडियम का नव निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मदरसों को अनुदान की श्रेणी कबतक

*326 **श्री गुलाम रसूल (विधान सभा)ः**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बिहार में 339 मदरसा शिक्षा विभाग के संकल्प सं०- 1090 की सारी शर्तों को पूरा करते हैं एवं जिनकी जांच विभिन्न जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों द्वारा करने के उपरांत रिपोर्ट मदरसा बोर्ड को समर्पित कर दी गई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त मदरसों को अनुदान की श्रेणी में लाने हेतु उनकी फाइल शिक्षा विभाग को भेज दी गई है किन्तु अभी तक इसपर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सारी शर्तों को पूरा करने वाले 339 मदरसों को शीघ्र ही अनुदान की श्रेणी में लाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भवन एवं भूमि की व्यवस्था

*327 **श्री भीसम साहनी (विधान सभा)ः**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि प० चम्पारण जिला अन्तर्गत बगहा-1 में 9 (नौ) भवनहीन प्राथमिक विद्यालय हैं;

(ख) क्या यह सही है कि प० चम्पारण जिला अन्तर्गत बगहा-1 में 12 (बारह) भूमिहीन विद्यालयों में भवन एवं भूमि की व्यवस्था नहीं है जिससे विद्यार्थियों को खुले आसमान में पढ़ाई करनी पड़ रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भवन एवं भूमि की व्यवस्था कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## प्रशिक्षण कब से

*328 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि भारत स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण शिक्षा का अभिन्न अंग है;

(ख) क्या यह सही है कि भारत स्काउट और गाइड का विद्यालय में प्रशिक्षण नहीं होता है तथा महाविद्यालयों में नामांकन में वेटेज नहीं दिया जा रहा है जबकि शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय सहित विश्वविद्यालय के विभागों में प्रवेश समय वेटेज देने हेतु पत्र निर्गत है;

(ग) क्या यह सही है कि विद्यालय में प्राप्त बालचर राशि को सिर्फ स्काउट गाइड में प्रशिक्षण लेने वाले छात्र/छात्राओं या स्काउट/गाइड के ही क्रियाकलाप पर खर्च किए जाने का प्रावधान है जबकि इस राशि का उपयोग विद्यालयों में अन्य मदों में किया जा रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उपर्युक्त खण्डों में वर्णित तथ्यों के आलोक में भारत स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण उच्च माध्यमिक विद्यालय और मध्य विद्यालयों में सुचारु रूप से संचालित करने एवं शिक्षा विभाग के पत्रांक- 11/वी.6-37/87 शि० 187 को क्रियान्वित करने के लिए क्या कदम उठाना चाहती है?

----

## ग्रंथों का अनुवाद

*329 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **कला, संस्कृति एवं युवा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि दार्शनिक महापंडित राहुल सांकृत्यायन के भगीरथ प्रयास से तिब्बती लिपि में लिखी हजारों पांडुलिपियों और ताड़पत्र ग्रंथ को तिब्बत से भारत लाया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि अनमोल धरोहर के रूप में ये सारी पांडुलिपियां नौ दशक से

पटना संग्रहालय के राहुल कक्ष में संरक्षित कर रखी गई हैं;

(ग) क्या यह सही है कि इन पांडुलिपियों के ज्ञान भंडार से दुनिया को आलोकित करने हेतु इन्हें हिन्दी में अनुवादित कराकर प्रकाशित करने की योजना विभाग के द्वारा बनाई गई थी, लेकिन अबतक मात्र 50 ग्रंथों का ही अनुवाद कराकर प्रकाशित किया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष ग्रंथों को अनुवादित कराकर प्रकाशित कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## भवन एवं चहारदीवारी का निर्माण

*330 **श्री रामईशबर महतो (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत बेलसंड नगर पंचायत के वार्ड नं०- 13 में श्री नवजीवन पुस्तकालय है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पुस्तकालय का भवन जर्जर स्थिति में है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त पुस्तकालय में चहारदीवारी का निर्माण नहीं हुआ है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुस्तकालय के भवन तथा चहारदीवारी का निर्माण शीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भवन का पूर्ण निर्माण

*331 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सूबे में अच्छी-खासी संख्या में ऐसे माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालय हैं जहां विभाग द्वारा वर्षों पूर्व वर्ग-कक्षा आदि का निर्माण प्रारंभ किया गया था लेकिन कतिपय कारणों से निर्माण कार्य को रोककर संबंधित मद को वापस ले लिया गया;

(ख) क्या यह सही है कि आज तक की तिथि में आधे-अधूरे भवन अपने पूर्ण निर्माण की प्रतीक्षा में है जिसके कारण वर्गाध्यापन में भी विद्यालय प्रशासन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऐसे भवनों का पूर्ण निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## प्रोन्नति का लाभ

*332 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य में अवर शिक्षा सेवा (प्राथमिक शाखा) संवर्ग के पदाधिकारियों का विगत कई वर्षों से ए.सी.पी. एवं एम.ए.सी.पी. प्रोन्नति का लाभ अभी तक विभाग में लंबित है;

(ख) यदि उपरोक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अवर शिक्षा सेवा (प्राथमिक शाखा) संवर्ग के पदाधिकारियों को प्रोन्नति का लाभ देना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## मार्गदर्शन कब तक

*333 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि विभागीय आदेश संख्या – 1816, दिनांक – 12.11.2021 में प्रावधान है कि यदि किसी शिक्षक, पुस्तकालयाध्यक्ष का मूल वेतन अपने से कनीय शिक्षक, पुस्तकालयाध्यक्ष से कम निर्धारित हो, तो उनका मूल वेतन कनीय शिक्षक के मूल वेतन के अनुरूप निर्धारित किया जायेगा;

(ख) क्या यह सही है कि विभागीय आदेश संख्या – 2174, दिनांक – 30.12.2021 में प्रावधान है कि यदि किसी वरीय शिक्षक का मूल वेतन कनीय शिक्षक के मूल वेतन से कम है तो कनीय शिक्षक का वेतन प्रक्रम का वेतन निर्धारण वरीय शिक्षक के वेतन प्रक्रम पर ही होगा;

(ग) क्या यह सही है कि उपर्युक्त दोनों पत्र एक-दूसरे के विरोधाभासी नहीं हैं और यदि विरोधाभासी हैं तो शिक्षकों का वेतन निर्धारण कौन सही होगा;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वर्णित बिन्दुओं के संबंध में सपषट मार्गदर्शन कब तक निर्गत करना चाहती है?

----

## व्यवस्था कब तक

***334 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि श्री नवाब उच्च माध्यमिक विद्यालय, शिवहर में उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा का कार्यालय, सरकारी डिग्री कॉलेज, श्रम एवं प्रशिक्षण नियोजनालय का कार्यालय तथा अम्बेडकर कल्याण छात्रावास अवस्थित है, जिसके कारण उक्त विद्यालय की सारी जमीन इन्हीं संस्थाओं के उपयोग में चली गई;

(ख) क्या यह सही है कि इस विद्यालय का परिसर एकदम संकीर्ण (छोटा) होता जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्यालय परिसर से संस्थाओं को हटाकर स्वतंत्र जमीन पर बसाने की व्यवस्था कराने हेतु संबंधित विभाग से अनुरोध करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## विचार कब तक

***335 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य के मिडिल स्कूल में स्मार्ट क्लास तैयार किया जाना है;

(ख) क्या यह सही है कि प्रारंभिक विद्यालयों में बच्चे बड़े टी.वी. स्क्रीन और डिजिटल डिवाइस के माध्यम से पढ़ाई करेंगे;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यह बतलाएगी कि वह स्मार्ट क्लास तैयार कराने का विचार करती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## स्टेडियम का निर्माण

*336 **श्री सी.पी; सिन्हा उर्फ चन्देश्वर प्रसाद सिन्हा (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि अरवल जिलान्तर्गत प्रखंड अरवल के +2 उच्च विद्यालय ईटवां के खेल मैदान में स्टेडियम का निर्माण नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि ऊबड़-खाबड़ खेल मैदान में लड़कों को खेलने तथा ग्रामीणों को योगा करने में दिक्कतें होती हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त +2 उच्च विद्यालय के खेल मैदान में स्टेडियम का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## प्रतिनियुक्ति कबतक

*337 **डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी सहित राज्यान्तर्गत बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा इंटर एवं मैट्रिक की उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन के अंक संधारण कार्य के लिए मूल्यांकन केंद्रों पर चेकर/मेकर/सुपरवाइजर को प्रत्येक मूल्यांकन केन्द्र पर 13 के हिसाब से प्रतिनियुक्त किया जाता है एवं इस कार्य के लिए जिले के कम्प्यूटर विज्ञान शिक्षक/ कम्प्यूटर जानकार शिक्षक/ कम्प्यूटर जानकार कर्मी को जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रतिनियुक्त किया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि +2 उच्च माध्यमिक कम्प्यूटर विज्ञान शिक्षक को छोड़कर अन्य कर्मी/ब्लॉक के ऑपरेटर को सुपरवाइजर के रूप में प्रतिनियुक्त किया जाता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इन उच्च माध्यमिक कम्प्यूटर विज्ञान शिक्षकों को प्राथमिकता एवं वरीयता द्वारा मूल्यांकन केंद्रों पर सुपरवाइजर/चेकर/मेकर के रूप में प्रतिनियुक्त करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भवन निर्माण कबतक

***338 डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मुंगेर विश्वविद्यालय का अपना भवन नहीं है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जमीन चिन्हित कर अविलम्ब मुंगेर विश्वविद्यालय का भवन निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## शिक्षण संस्थान में भर्ती

***339 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि देश के अन्य राज्यों में युवा प्रतिभावान कला साधकों को सरकारी शिक्षण संस्थान में उनकी योग्यता के अनुरूप कला शिक्षक के पद पर नियुक्त किया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार के युवा मेधावी कला निपुण कला साधकों को सूबे के सरकारी विद्यालयों में रिक्त कला शिक्षक के पद पर भर्ती करने की कोई योजना है;

(ग) क्या यह सही है कि सूबे के शिक्षा विभाग की उदासीनता के कारण बिहार के युवा कला संस्कृति के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को निखारने से दूरी बनाये रहते हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या शिक्षा विभाग बिहार के मेधावी प्रशिक्षित कलाकारों को सरकारी शिक्षण संस्थान में भर्ती करना चाहती है, यदि हां तो कबतक और कैसे?

----

## अग्रधन राशि की वापसी

***340 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **खान एवं भूतत्व** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि वर्ष 2019 में विभाग द्वारा राज्य में बालू घाट की नीलामी हेतु निविदा निकाली गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त निविदा निकालने के दो वर्ष बाद राज्य मंत्री परिषद् ने निविदा को रद्द करते हुए निर्णय लिया कि बालू घाट की नीलामी में भाग लेने वाले सभी निवेदकों को अग्रधन की राशि वापस कर दी जाएगी;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य के अधिकांश निवेदकों को विभाग द्वारा अभी तक जमा अग्रधन की राशि वापस नहीं की गयी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निवेदकों की जमा अग्रधन की राशि वापस करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सफाईकर्मी की नियुक्ति

***341 श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य के 76,000 (छिहत्तर हजार) स्कूलों में से 40,000 (चालीस हजार) स्कूलों में सफाईकर्मी नहीं हैं;

(ख) क्या यह सही है कि 40,000 (चालीस हजार) स्कूलों में शौचालय बन चुका है, परन्तु सफाईकर्मी नहीं होने से शौचालय बहुत ही गंदा रहता है जिसके कारण छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को शौच में कठिनाई उत्पन्न होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के 40,000 (चालीस हजार) स्कूलों में सफाईकर्मी नियुक्त करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भवन का निर्माण

***342 श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के बेनीपट्टी प्रखंड अंतर्गत बच्चा झा +2 उच्च विद्यालय एवं एम०एस०सी० +2 उच्च विद्यालय भवनहीन है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को पठन-पाठन में काफी दिक्कत हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों के भवनों को बनाएगी, यदि हां तो कबतक?

----

## कमरा निर्माण

***343 श्री रामईशबर महतो (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत बोखड़ा प्रखण्ड के सिंघाचौड़ी पंचायत में मध्य विद्यालय सिंघाचौड़ी है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय में दो कमरे अत्यन्त ही जर्जर हैं;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय के जर्जर दो कमरों के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी सीतामढ़ी द्वारा आदेश निर्गत है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में यथाशीघ्र चार (4) कमरों का निर्माण कराकर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सेवा गणना प्रथम नियुक्ति से कबतक

***344 डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि श्रीमती सावित्री कुमारी, सहायक शिक्षिका, लोक मान्य उच्च विद्यालय, छपरा नगर से अगस्त 2015 में सेवानिवृत्त हो चुकी हैं;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य सरकार के निर्णयानुसार प्राथमिक विद्यालयों में पूर्व में कार्यरत स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक-शिक्षिकाओं, जिनकी नियुक्ति उनकी पूर्व योग्यता के आधार पर विद्यालय सेवा बोर्ड द्वारा की गई थी, की सेवा गणना प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्ति की तिथि से की जानी है;

(ग) क्या यह सही है कि श्रीमती सावित्री कुमारी के द्वारा कई आवेदन पत्र देने के बाद भी उनकी लगातार सेवा से सम्बन्धित सरकारी आदेश अभी तक सचिवालय तथा शिक्षा विभाग से नहीं निर्गत किया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्रीमती सावित्री कुमारी की सेवा गणना उनकी प्राथमिक विद्यालय में प्रथम नियुक्ति की तिथि से करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## स्टेडियम निर्माण

***345 श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **कला, संस्कृति एवं युवा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य के दरभंगा जिले के पटोरी गांव में +2 उच्च विद्यालय, कोलहंटा जिले का एक ही प्रतिष्ठित विद्यालय है;

(ख) क्या यह सही है कि कोलहंटा-पटोरी विद्यालय के परिसर में लगभग पांच एकड़ का खेल मैदान है;

(ग) क्या यह सही है कि प्रखण्ड की जनता की ओर से प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम (खेल मैदान) निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए उक्त स्थल पर प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम निर्माण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----